# इन्क़िलाबी नज़र

आवाज़ ... आम आदमी की

लखनऊ, रविवार, 25 मई 2025

वर्ष 17 अंक 259 मूल्य 4-00 रुपया पृष्ठ- 12+4


धन-समृद्धि से युक्त बड़े-बड़े राज्यों के राजा-महाराजों की तुलना भी उस चींटी से नहीं की जा सकती है जिसमें ईश्वर का प्रेम भरा हो।

-गुरुनानक देव

तापमान - अधिकतम 38.8°C (-1.4) न्यूनतम 27.0°C(+1.5) सेंसेक्स 81,721.08 (+769.09) निफ्टी 24,853.15 (+243.45) सोना 98,230 चांदी 99,900 मुद्रा - डालर 85.14 दिरहम 23.18 रियाल 22.70



# एरा यूनिवर्सिटी, सीआईआई व वाईआई के बीच हुआ एमओयू



लखनऊ (सं)। एरा यूनिवर्सिंटी ने भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) और इसकी युवा शाखा, यंग इंडियंस (वाईआई) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किये गये। यह साझेदारी शैक्षिक विकास, अकादमिक उत्कृष्टता और विद्वानों की पहल की उन्नति की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। तीनों संस्थाओं की शक्ति, संसाधनों और विशेषज्ञता को मिलाकर इस सहयोग का उद्देश्य अभिनव कार्यक्रम, शोध परियोजनाएं और क्षमता निर्माण पहल विकसित करना है जो अकादमिक परिदृश्य को महत्वपूर्ण रूप से समृद्ध करेंगे और छात्रों के विकास के अवसरों को बढ़ाएंगे।

सीआईआई एक गैर-लाभकारी और उद्योग प्रबंधित संगठन, भारत में दक्षता, प्रतिस्पर्धात्मकता और व्यावसायिक अवसरों को बढ़ाने के लिए सरकार, विचारकों और व्यवसायों के साथ मिलकर काम करता है। सीआईआई के एक हिस्से के रूप में, यंग इंडियंस (वाईआई) युवा व्यक्तियों को राष्ट्र के विकास में योगदान देने के लिए एक मंच प्रदान करने पर केंद्रित है। शनिवार को एरा यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार डॉ. अनु चंद्रा ने डॉ. गजाला जैदी, डॉ. शीबा रिजवी, डॉ. तबरेज जाफर, मोहम्मद अजहरुद्दीन और सीआईआई लखनऊ चौप्टर के अधिकृत प्रतिनिधियों सम्राट मारवाह, सागर त्रिपाठी और सुबी राज सिंह की मौजूदगी में एमओयू पर हस्ताक्षर किए। एमओयू पर एरा यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. अब्बास अली महदी के मार्गदर्शन में हस्ताक्षर किए गए हैं। यह एमओयू छात्रों को सशक्त बनाने, शिक्षा और उद्योग के बीच की खाई को पाटने और भविष्य के लिए तैयार पेशेवरों को सहयोग करने की साझा प्रतिबद्धता को दर्शाता है।